देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 170 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
संघ की सोच



देहरादून, गुरूवार, 10 अक्टूबर 2024

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 19.0° | 79924.77 | 2 अपने ही देश में घिरे मुइज्जू | 7 जो रूट ने किया बड़ा कारनामा

# मुसलमानों की जातियों पर क्यों नहीं बोलती कांग्रेस?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहकर कांग्रेस के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी कर दी है कि अगर उसे सामाजिक न्याय की चिंता है तो वह मुसलमानों की जातियों का जिक्र कभी क्यों नहीं करती है? प्रधानमंत्री की तरफ से मुस्लिम जातियों की बात करना बीजेपी की राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हिंदुओं को जातियों में बांटने की षडयंत्रकारी कोशिशों का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता में लौटने के लिए यह पार्टी हिंदू समाज में जहर बो रही है।

मोदी महाराष्ट्र में 76 अरब रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को जिन योजनाओं का शिलान्यास किया, उनमें नागपुर के बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर इंटरनैशनल एयरपोर्ट में सुविधाओं के विस्तार, शिरडी में नए इंटिग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स मुंबई के साथ–साथ विद्या समीक्षा केंद्र महाराष्ट्र की परियोजनाएं शामिल हैं। महाराष्ट्र में इसी वर्ष विधानसभा के चुनाव भी होने हैं। हरियाणा में जीत के बाद बीजेपी का हौसला सातवें आसमान पर है तो कांग्रेस में मायूसी का माहौल है।

पीएम ने जो कहा, वह मुस्लिम वोट बैंक के लिए किसी भी सीमा को लांघने को तैयार कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों के लिए बड़ी चिंता का सबब बन सकता है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस आखिर मुस्लिम जातियों की बात क्यों नहीं करती है? उन्होंने कहा, श्मोदी ने कांग्रेस के एक भी नेता ने आज तक कभी नहीं कहा कि हमारे मुस्लिम भाई–बहनों में कितनी जातियां होती हैं। मुस्लिम जातियों की बात आते ही कांग्रेस नेता मुंह पर ताला लगाकर बैठ जाते हैं। लेकिन जब भी हिंदू समाज की बात आती है तो कांग्रेस उनकी चर्चा जाति से ही शुरू करती है। कांग्रेस की नीति है, हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाओ। कांग्रेस जानती है कि हिंदू जितना बंटेगा, उतना ही उसका फायदा होगा। कांग्रेस भारत के सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना का दमन कर रही है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

### किसानों को पता है कि उन्हें फसलों पर एमएसपी किसने दी

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि हरियाणा में कांग्रेस ने जाति को लेकर झूठा प्रचार किया। पीएम मोदी ने आगे कहा, आज हरियाणा के दलित वर्ग ने बीजेपी को रिकॉर्ड समर्थन दिया है। कांग्रेस ने किसानों को भड़काया। लेकिन किसानों को पता है कि उन्हें फसलों पर एमएसपी किसने दी।



### कांग्रेस ने बनाया हिंदुओं को लड़ाने का फॉर्मुलाः पीएम

हरियाणा विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद अगले दिन ही मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाकर जीत हासिल करने का फॉर्मुला ही बना लिया है। उन्होंने कहा कि लोग कांग्रेस की हिंदू विरोधी चाल को समझ चुके हैं, इसलिए उसे सबक भी सिखा रहे हैं। पीएम बोले, कांग्रेस ने सारे हथकंडे अपनाए, लेकिन हरियाणा की जनता ने दिखा दिया कि वो अब कांग्रेस और अर्बन नक्सल के नफरती षडयंत्रों का शिकार नहीं होने वाले। मोदी ने कहा कि बांटो और राज करो की राजनीति को कांग्रेस पार्टी ने हथकंडा बना लिया है। कांग्रेस का फॉर्मुला साफ है कि मुसलमानों को डराते रहो, उनको भय दिखाओ, उनको वोट बैंक में कन्वर्ट करो, उनको मजबूत करो।

### नफरत के हथकंडे से सत्ता में आना चाहती है कांग्रेस

पीएम मोदी ने कहा कि सत्ता में आने के लिए बेताब कांग्रेस नफरत फैलाने को ही अपना हथकंडा बना लिया है। फिर पीएम ने महाराष्ट्र की जनता से भी हरियाणा के मतदाताओं की तरह ही कांग्रेस के नफरती एजेंडे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि महाराष्ट्र के मतदाता भी कांग्रेस को सबक जरूर सिखाएंगे। उन्होंने कहा, मेरा पक्का विश्वास है, समाज को तोड़ने का आज जो कोशिश हो रही है, ऐसी हर साजिश को महाराष्ट्र के लोग नाकाम करके रहेंगे। महाराष्ट्र के लोगों को देश के विकास को सर्वोपरि रखते हुए एकजुट होकर बीजेपी–महायुति के लिए वोट करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल वाला बंगला हुआ सील

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मुख्यमंत्री आवास को लेकर सियासत गर्म हो गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की एक टीम दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास (6–फ्लैग स्टाफ रोड, सिविल लाइंस) पहुंची है। इस बीच दिल्ली सीएमओ का दावा है कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी का सारा सामान मुख्यमंत्री आवास से हटवा दिया है। सीएम आवास को सील कर दिया गया है।

### 2028 तक फोर्टिफाइड चावल का मुफ्त वितरण करेगी सरकार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जुलाई 2024 से दिसंबर 2028 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) सहित सभी सरकारी योजनाओं के तहत फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी है।

# कांग्रेस को आता है जीत को हार में बदलना

## हरियाणा में मिली शिकस्त तो फूटा इंडिया गठबंधन का गुस्सा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की श्एकला चलोश रणनीति काम नहीं आई। आइ.एन.डी.आई. गठबंधन दलों को साथ लेकर चुनाव न लड़ने का फैसला गलत साबित हुआ। चुनाव परिणाम को लेकर विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन की पार्टियां लगातार कांग्रेस पर टिप्पणी कर रही है। कांग्रेस की रणनीति पर सवाल उठा रहे हैं। शिवसेना (यूबीट) और सीपीआई जैसी पार्टियों के नेताओं ने खुलकर कांग्रेस की रणनीति की आलोचना की है।

चुनाव रिजल्ट को लेकर शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के जरिए कांग्रेस पर निशाना साधा। सामना के संपादकीय में लिखा गया,श्महाराष्ट्र कांग्रेस को हरियाणा के नतीजों से सीख लेने की जरूरत है। शिवसेना ने यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को पता है कि जीत को हार में कैसे बदलना है। शिवसेना ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप या अन्य दलों से गठबंधन नहीं किया, जिसके चलते उसे हार का सामना करना पड़ा।

वहीं, जम्मू–कश्मीर में कांग्रेस ने गठबंधन किया तो वहां पार्टी को जीत मिली। शिवसेना ने कहा कि हरियाणा की हार कांग्रेस के ओवर कॉन्फिडेंस और राज्य नेतृत्व के अहंकार का नतीजा है. हुड्डा ने नॉन जाट वोटर्स को साथ नहीं लिया, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भी चुनावी रिजल्ट सामने आने के बाद कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि हरियाणा के लोग बीजेपी को हराना चाह रहे थे। लेकिन कांग्रेस में कमी रह गई। कांग्रेस की रणनीति में कमी रही। एकजुटता की कमी रही। कांग्रेस को आत्ममंथन करने की जरूरत है।

### कांग्रेस को गंभीरता से विचार की जरूरतः सीपीआई

सीपीआई नेता डी राजा ने कहा, आइएनडीआई गठबंधन ने एकसाथ चुनाव नहीं लड़ा, जिसका बीजेपी को फायदा हुआ। आइएनडीआई गठबंधन दलों को सोचने की जरूरत है कि ऐसा क्यों हुआ। अगर साथ रहते तो बीजेपी की सरकार नहीं बनती। कांग्रेस को गंभीरता से विचार की जरूरत है।

# मसूरी में पर्यटकों को चायवाले ने बर्तन में थूक कर पिलाई चाय

संवाददाता

देहरादून। मसूरी में बर्तन में थूक कर चाय बनाकर पर्यटकों को पिलाने के आरोप में दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। दोनों आरोपी युवक समुदाय विशेष के हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक्ष हिमांशु बिश्नोई नेहरूग्राम थाना रायपुर ने शिकायत की थी, जिस पर मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत में हिमांशु ने बताया कि वह विगत 29 सितंबर को मसूरी गया था। वहां लाइब्रेरी चौक दो लड़के एक रेहड़ी चाय बेच रहे थे।

हिमांशु का आरोप है कि इस बीच उसने देखा कि चाय बनाने वाला एक लड़का चाय बनाने के बर्तन में थूक रहा है। उसने इस वाकये की वीडियो भी रिकॉर्ड की। मसूरी में बर्तन में थूक कर चाय बनाकर पर्यटकों को पिलाने के आरोप में दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। दोनों आरोपी युवक समुदाय विशेष के हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विरोध

■दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, लोगों में उबाल

### मसूरी में प्रदर्शन

बुधवार को मसूरी में इस वाकये के विरोध में विरोध प्रदर्शन भी हुआ। चाय में थूकने की घटना के विरोध में बजरंग दल ने मसूरी में जोरदार प्रदर्शन किया। बीजेपी ने कोतवाली में ज्ञापन दिया। युवकों द्वारा नवरात्रों में चाय में थूकने के विरोध में बजरंग दल द्वारा प्रदर्शन किया गया, लाइब्रेरी चौक से मॉल रोड होते हुए कोतवाली तक नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

जब हिमांशु ने उसे टोका तो वह और उसका साथी उसके साथ गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। हिमांशु के मुताबिक उसने एसएसपी ऑफिस में शिकायत दी और दोनों युवकों के खिलाफ तहरीर भी दी।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# ऐसा पहले कभी नहीं हुआ...

संवाददाता

नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे घोषित किए जाने के बाद मंगलवार को कांग्रेस ने इसे सिरे से नकार दिया था। राज्य में अपनी हार के बाद कांग्रेस का कहना था कि वे विधानसभा चुनाव के नतीजों को स्वीकार नहीं करेंगी। अब कांग्रेस के इस बयान पर चुनाव आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को चिट्ठी लिखी है। अपनी चिट्ठी में चुनाव आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अस्वीकार करने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयानों को बोलने की आजादी का दुरुपयोग बताया। आयोग ने कहा कि इस तरह के बयान देश के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास में पहले नहीं सुने गए और ये बोलने की स्वतंत्रता से भी परे हैं।

■हरियाणा के नतीजों पर कांग्रेस की बयानबाजी पर भड़का ईसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में आयोग ने स्पष्ट किया कि पार्टी के नेताओं जयराम रमेश और पवन खेड़ा की टिप्पणियां लोगों की इच्छा को अलोकतांत्रिक तरीके से खारिज करने की ओर ले जाती हैं।

## न्यूज डायरी



### हिजबुल्लाह के 6 टॉप कमांडर समेत 50 आतंकी किए ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। हिजबुल्लाह के हमलों के बाद इजरायल लगातार लेबनान पर जवाबी कार्रवाई कर रहा है। आज इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर सैकड़ों मिसाइल दागी है। आईडीएफ ने बताया कि लेबनान में किए इस हमले में 50 हिजबुल्लाह आतंकवादियों को मार गिराया है। इजरायल के इस भीषण हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के 6 टॉप कमांडर भी ढेर हो गए। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, हमलों में अहमद हसन नाजल भी मारा गया, बिंट जेबिल क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाले था और इजरायल पर हमले कर रहा था। गजर सेक्टर का प्रभारी हसिन तलाल कमल, मूसा दीव बाराकत, महमूद मुसा कार्निव और बिंट जेबिल सेक्टर में तोपखाने के प्रभारी अहमद इस्माइल और अब्दुल्ला अली डिकिक भी इस हमले में मारे गए। आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के दक्षिणी मोर्चे के उन ठिकानों को भी निशाना बनाया, जहां उसने अपने बुनियादी ढांचे और भूमिगत मुख्यालय बना रखे थे। इसके अलावा, हिजबुल्लाह की अजीज यूनिट के 50 ठिकाने और नासिर यूनिट के 30 ठिकानों को भी नष्ट कर दिया गया।

### भारत के प्रति बदला रुख तो अपने ही देश में घिरे मुइज्जू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने जैसे ही भारत के प्रति अपना रुख बदला मंगलवार को उनके देश के प्रमुख विपक्षी दल ने अनुभवहीन सरकार की खिंचाई कर दी। मालदीव के विपक्षी दल ने कहा कि मुइज्जू सरकार को अब अहसास हुआ है कि कूटनीति को झूठ और धोखे के दम पर नहीं चलाया जा सकता है। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नाशीद ने नई दिल्ली में भारतीय नेतृत्व के साथ मुइज्जू की बैठकों पर भारत और मालदीव को स्वाभाविक साझीदार बताया। वहीं प्रमुख विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद ने मालदीव और भारत के बीच पुराने संबंधों के वापस प्रगाढ़ होने पर खुशी जताई है। शाहिद ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि वह राष्ट्रपति इब्राहिम सोहिल के समय से जारी परियोजनाओं पर भारत के समर्थन में काम करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू छह से 10 अक्टूबर तक भारत की अपनी पहली सरकारी यात्रा पर हैं। उन्होंने पिछले साल नवंबर में ही सत्ता संभाली थी और आते ही भारत के खिलाफ इंडिया आउटट का अभियान चलाया था। आपसी समझौते के बाद इस साल 10 मई को भारत के 90 सैन्य अफसर भारत लौट आए थे। यह वही सैनिक थे जो मालदीव की पिछली सरकार के आग्रह पर उनकी मदद के लिए वहां तैनात किए गए थे। दोनों देशों के बीच संबंध इतने तल्ख हो गए कि मुइज्जू के दो मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपशब्द कहे और उसके बाद भारतीय पर्यटकों ने मालद्वीव जाने से इन्कार कर दिया।

### चीन की अपने नागरिकों को दी पाकिस्तान न जाने की सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान में कराची अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास रविवार की रात बलूच लिबरेशन आर्मी ने चीनी नागरिकों पर बड़ा आत्मघाती हमला किया। इस हमले में दो चीनी नागरिक समेत तीन की जान गई। वहीं 17 अन्य लोग घायल हैं। इस बीच चीन ने अपने नागरिकों से पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करने की अपील की। पाकिस्तान में स्थित चीनी दूतावास ने सोमवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करें। चीनी नागरिक खासकर बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा की यात्रा करने से बचें। पिछले दिनों इन प्रांतों में चीनी नागरिकों और परियोजनाओं को निशाना बनाकर कई हमलों को अंजाम दिया गया है। बता दें कि रविवार की रात करीब 11 बजे पाकिस्तान के सिंध प्रांत में स्थित कराची एयरपोर्ट के पास एक बड़ा धमाका हुआ था। इस हमले में चीनी इंजीनियरों और निवेशकों को निशाना बनाया गया था। बाद में बलूच लिबरेशन आमी ने हमले की जिम्मेदारी ली। इसी बीच चीन ने पाकिस्तान में रहने वाले अपने 400 नागरिकों को वापस बुला लिया है। जानकारी के मुताबिक बलूचिस्तान से 250 और गिलगिट बाल्टिस्तान से 150 चीनी इंजीनियर अपने वतन लौट चुके हैं।

# इजरायल आप एक क्रांतिकारी को मार सकते हैं, क्रांति को नही

**जवाब**

## इजरायल का भीषण हमला, लेबनान को याद आए बापू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



बेरूत। हिजबुल्लाह के नेता हसन नसरल्लाह के उत्तराधिकारियों को मार गिराए जाने का इजरायल ने ऐलान किया है। इसके बाद भारत में लेबनान के राजदूत रबी नर्श ने महात्मा गांधी के कथनों का हवाला देते हुए बड़ा संदेश दिया है। नर्श ने कहा कि हिजबुल्ला लोगों द्वारा समर्थित एक वैध राजनीतिक दल है और इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। लेबनान के राजदूत ने एक साक्षात्कार में कहा, 'मुझे महात्मा गांधी के कथन याद आ रहे हैं। उन्होंने कहा था आप एक क्रांतिकारी को मार सकते हैं, लेकिन आप क्रांति को नहीं मार सकते। आप हिजबुल्लाह के नेताओं को खत्म कर सकते हैं, लेकिन आप हिजबुल्लाह को खत्म नहीं कर सकते, क्योंकि ये छिपकर नहीं रहते हैं। यह कोई काल्पनिक संरचना नहीं है जो पैराशूट से लेबनान में आई है।'

नर्श ने कहा कि हिजबुल्लाह 'दुष्ट राष्ट्र' इजरायल के खिलाफ एक आंदोलन का प्रतीक है और इस आंदोलन को उसके नेताओं को खत्म करके कुचला नहीं जा सकता। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो पोस्ट में कहा था कि उनके देश की सेनाओं ने हाल में मारे गए हिजबुल्ला नेता सैयद हसन नसरल्ला के संभावित उत्तराधिकारियों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाया और उनका खात्मा कर दिया। हिजबुल्ला औपचारिक रूप से 'लेबनान पर इजरायली आक्रमण' का विरोध करने के लिए 1985 में अस्तित्व में आया।

लेबनान के राजदूत ने कहा, 'हिजबुल्लाह लेबनान में स्थापित राजनीतिक व्यवस्था के अंतर्गत काम करता है। यह एक राजनीतिक दल है, जिसका प्रतिनिधित्व मंत्रिमंडल और संसद दोनों में है।' उन्होंने बताया कि हिजबुल्ला की एक सशस्त्र शाखा भी है। लेबनान के राजदूत ने कहा कि इजराइल द्वारा छेड़े गए युद्ध में उन्नत हथियार और प्रतिबंधित युद्ध सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है और इस युद्ध के कारण 2,100 से अधिक लोग मारे गए हैं, 11,000 घायल हुए हैं और 22 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जिससे लेबनान में गंभीर मानवीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। राजदूत ने कहा, 'स्थिति और बिगड़ती जा रही है और यह एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध की ओर बढ़ रही है।

दुर्भाग्य से, हम संघर्ष के इस संकटपूर्ण चरण का सामना कर रहे हैं, क्योंकि इजरायल को उसकी आपराधिक नीतियों, युद्ध अपराधों और अपने पड़ोसियों के खिलाफ विस्तारवादी कार्रवाइयों के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया गया है।' इजरायल के हमलों में वृद्धि के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि फ्रांस इस महीने लेबनान के लिए मानवीय सहायता जुटाने और उसके दक्षिणी क्षेत्रों में सुरक्षा में सुधार लाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

## ईरान को आक्रामकता रोकने के लिए कहा जाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** तेल अवीव। ईरान और इजरायल में बने जंग जैसे हालात के बीच दुनिया की नजर उन देशों पर है, जिनके इन दोनों मुल्कों से अच्छे संबंध है। भारत भी उन देशों में शामिल हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि वह ईरान इजरायल विवाद में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है।

हाल में इजरायल और ईरान ने कहा था कि उन्होंने भारत के जरिए अपना संदेश पहुंचाया है। अब इजरायल के विदेश मंत्रालय की ओर से भारत की भूमिका पर अहम बयान आया है। इजरायल के विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता एलेक्स गैंडलर ने कहा है कि भारत सरकार के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। ये संबंध सिर्फ सरकारी स्तर पर ही नहीं बल्कि लोगों से लोगों के स्तर पर भी हैं। इजराइल के लिए भारत एक अहम साझेदार है। हम भारत को एक ऐसी आवाज के रूप में देखते हैं, जो पश्चिम एशिया में अहम है और मध्यस्थ भी भूमिका में हो सकता है।

एलेक्स ने कहा, कई मध्यस्थ हैं, जो बोल रहे हैं कि ईरान के साथ क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। मुझे लगता है कि सबसे पहले शांति का संदेश ईरान को दिया जाना चाहिए। ईरान से कहा जाना चाहिए कि वह प्रॉक्सी को खत्म करते हुए इजरायल पर हमले बंद करे।





बांग्लादेश में दुर्गा पूजा की रंगत फीकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में बुधवार से हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा की शुरुआत हो रही है। हालांकि तनाव और अल्पसंख्यकों में फैली चिंता के बीच कड़ी सुरक्षा में 13 अक्टूबर तक चलने वाली दुर्गा पूजा की रंगत फीकी नजर आ रही है और हिंदू समुदाय पर हुए हमलों के विरोध में इस दौरान कोई उत्सव नहीं होगा। पुलिस के अनुसार, देश में 32,666 पंडालों में यह उत्सव आयोजित किया जाएगा और सरकार ने एक अतिरिक्त अवकाश देने की घोषणा की है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के उप प्रेस सचिव अबुल कलाम आजाद ने बताया कि दुर्गा पूजा में पारंपरिक रूप से अब तक एक दिन का अवकाश होता था, लेकिन इस बार दो सार्वजनिक अवकाश घोषित किए गए हैं। इन्हें सप्ताहांत में जोड़ा गया है और जिससे कुल मिलाकर चार दिन की छुट्टी मिल जाएगी। अमेरिका ने कहा है कि हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा को लेकर वो अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों को सुरक्षित देखना चाहता है।

# ईरान के साथ युद्ध विराम के लिए चल रही सीक्रेट बातचीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेल अवीव। अमेरिका और अरब के कुछ देश ईरान के साथ इजरायल से युद्ध विराम के लिए बातचीत कर रहे हैं। एक रिपोर्ट में कहा है कि इस गुप्त रूप से चल रही इस वार्ता का उद्देश्य गाजा, लबनान समेत सभी मोर्चों पर लड़ाई को रोकना है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि फिलहाल इजरायल इस पहल में शामिल नहीं है लेकिन वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों को इस बारे में जानकारी दे दी गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह स्पष्ट नहीं है कि गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए किस तरह की शर्तों पर बातचीत हो रही है क्योंकि यह बाकी मोर्चों की तुलना में अधिक जटिल है। इसकी वजह बंधकों की रिहाई के बाद भी इजरायल की लड़ाई जारी रखने के संकेत और किसी भी डील में इजरायल की गाजा से वापसी की हमास की शर्त है।

**दावा– फिलहाल इजरायल इस पहल में शामिल नहीं**

रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल ने अभी तक अमेरिका को यह नहीं बताया है कि पहल पर उसका क्या रुख है। एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कहा है, हम वर्तमान में बेहतर स्थिति में हैं, ऐसे में युद्ध विराम हमारी शर्तों पर होगा। हम लिटानी नदी से हिजबुल्लाह की वापसी और सीमा के पास के क्षेत्रों से हिजबुल्लाह की साइटों को खत्म करने की शर्त रखेंगे। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब हिजबुल्लाह ने लेबनान में युद्ध विराम की शर्त के रूप में गाजा में युद्ध विराम की अपनी मांग को छोड़ने के संकेत दिए हैं। हिजबुल्लाह के डिप्टी लीडर नईम कासिम ने एक टेलीविजन भाषण में कहा कि वे लेबनानी संसद के अध्यक्ष नबीह बेरी की कोशिश का समर्थन करते हैं, ताकि बिना किसी शर्त के युद्धविराम सुनिश्चित किया जा सके। कार्नेगी मिडिल ईस्ट सेंटर के एक्सपर्ट मोहनद हेज अली ने कहा कि फिलहाल इजरायल हिजबुल्लाह पर सैन्य रूप से दबाव बढ़ाकर ऊपरी हाथ हासिल करने में सक्षम है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि युद्ध विराम के लिए हिजबुल्लाह का आह्वान दिखाता है कि वह पीछे हट गया है।

### जनता से की डोनाल्ड ट्रंप को जीताने की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस पर निशाना साधा है। मस्क ने कहा कि अगर अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराया तो उन्हें जेल में रहना पड़ेगा। एक रैली में ट्रंप का खुलकर समर्थन करने वाले मस्क ने दक्षिणपंथी कार्लसन के साथ दो घंटे की बातचीत में कमला हैरिस का खूब विरोध किया। उन्होंने कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप हार जाते हैं, तो मैं जेल में डाला जाउंगा। मस्क ने तंज कसते हुए कहा कि मुझे तो ये भी नहीं पता कि कब तक ये जेल होगी और मैं अपने बच्चों को देख भी पाऊंगा या नहीं। रिपब्लिकन के साथ बटलर, पेंसिल्वेनिया में एक रैली में मस्क ने ट्रंप का खुलकर समर्थन किया और कहा कि ट्रंप ही देश को आगे बढ़ा सकते हैं।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# उत्तराखंड राज्यपाल ने गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब में टेका मत्था

आस्था

## तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए हेमकुंड में हुए अवस्थापना विकास कार्यों को सराहा

प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए की प्रार्थना

**संवाददाता**

चमोली। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि) बुधवार को चमोली में स्थित पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब पहूंचे। उन्होंने गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब में मत्था टेका और प्रदेश की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल बुधवार को सुबह 9:35 बजे हेली से घांघरिया पहुंचे। घांघरिया से 11:45 बजे श्री हेमकुंड साहिब पहुंचे और हेमकुंड में 12:15 बजे की अरदास में शामिल हुए। हेमकुंड साहिब पहुंचने पर हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा, गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों से बातचीत की और हेमकुंड पहुंचे



सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि सच्चे बादशाह गुरु नानक देव जी ने हमको सरलता, नम्रता, करुणा, सेवा आदि का जो सबक सिखाया है वह बहुत ही अच्छा मार्गदर्शन है। मुझे आज बहुत खुशी हो रही है कि आज गुरु के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, यहां आकर मुझे सभी श्रद्धालुओं का जो स्नेह व आर्शीवाद मिला है उससे मै अभिभूत हुं।

हेमकुंड में हुए अवस्थापना विकास कार्यों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हेमकुंड आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु पैदल मार्ग और हेलीपैड बहुत अच्छा बना है। उन्होंने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में रोपवे निर्माण का शिलान्यास करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। कहा कि रोपवे बनने से आने वाले दिनों में हेमकुंड की यात्रा बेहद सुखद होगी। इसके बाद मा0 राज्यपाल वापस घांघरिया पहुंचे और घांघरिया से हेलीकाप्टर द्वारा देहरादून के लिए रवाना हुए।

इस दौरान हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा, गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, उप जिलाधिकारी चन्द्रशेखर वशिष्ठ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

श्री हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 25 मई को खोले गए थे। इस वर्ष 1.84 लाख श्रद्धालुओं ने इस पवित्र स्थल की यात्रा की। इस वर्ष श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा का समापन 10 अक्टूबर को होने जा रहा है। शीतकाल के लिए हेमकुंड साहिब के कपाट बंद किए जाएंगे। हजारों श्रद्धालु समापन समारोह में भाग लेने के लिए हेमकुंड पहुंचे है। पवित्र तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब सिख धर्म में बहुत महत्व रखता है। माना जाता है कि हेमकुंड साहिब में सिखों के दसवें गुरू गुरू गोविंद सिंह ने पूर्व जन्म में कई सालों तक तपस्या कर आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति की थी। उनकी तपोस्थली पर ही गुरुद्वारा बना है। गुरुद्वारे के साथ ही पवित्र हेम सरोवर है। गुरुद्वारे में मत्था टेकने से पहले श्रद्धालु इस पवित्र सरोवर में स्नान करते है।

## न्यूज डायरी

### कर्णप्रयाग में की गई डायलिसिस सेंटर की स्थापना

**संवाददाता** चमोली। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत सीमान्त जनपद चमोली के कर्णप्रयाग में हंस फाउंडेशन के सहयोग से डायलिसिस सेंटर की स्थापना की गयी है। इससे पहले जनपद के लोगों को अत्यधिक कढ़िनाइयों का सामना करके देहरादून एवं अन्य शहरों में इलाज कराने जाना पड़ता था। अब उतराखण्ड सरकार द्वारा संचालित की जा रही इस योजना से सीमांत जनपद के गुर्दा रोग पीड़ितों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है। जिसका सकारात्मक परिणाम जिले के किडनी मरीजों को मिल रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजकेश पांडे ने बताया कि डायलिसिस केन्द्र में प्रति दिवस दो डायलिसिस सेशन प्रति मशीन के अनुसार अब तक 900 सेशन किए गए हैं। जिसमें 72 लोगों ने पीएम डायलिसिस कार्यक्रम के तहत निःशुल्क डायलिसिस सुविधा का लाभ लिया है। डायलिसिस के लाभ ले रहे धारकोट चमोली निवासी दिलबर सिंह ने बताया कि पहले डायलिसिस के लिए देहरादून जाना पड़ता था। जो काफी खर्चीला और परेशानी भरा होता था। अब यह सुविधा पास में मिल जाती है। हफ्ते 2 से 3 बार डायलिसिस के आना पड़ता है।

### दूसरे दिन भी ठप रही फिल्टर प्लांट से पेयजल की आपूर्ति

**संवाददाता** हल्द्वानी। गौला बैराज से पानी नहीं मिलने पर बुधवार को दूसरे दिन भी फिल्टर प्लांट से पेयजल आपूर्ति बंद रही। इस वजह से संबंधित क्षेत्र के लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। देर शाम को प्लांट शुरू होने से गुरुवार को घरों तक पानी पहुंचने की उम्मीद है। मानसून के दौरान गौला नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने से जल संस्थान के फिल्टर प्लांट पहले की क्षमता से आधा पानी ही साफ कर पा रहे हैं। ऐसे में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलना मुश्किल हो रहा है। मंगलवार को सिंचाई विभाग ने बारिश के दौरान बैराज में क्षतिग्रस्त हुई नहर के सुधारीकरण का काम किया। इसके लिए सुबह से ही जल संस्थान के शीशमहल में मौजूद फिल्टर प्लांट को दिए जाने वाली पानी की सप्लाई बंद कर दी गई।

### कोटक म्यूचुअल फंड निवेश के विकल्प के रूप में एसआईपी को दे रहा है बढ़ावा

**संवाददाता** देहरादून। कोटक म्यूचुअल फंड (केएमएफ) के लिए बीते कुछ महीने बेहद ही मजबूत रहे हैं और मौजूदा फाइनेंशियल ईयर भी उत्साह बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। कोटक म्यूचुअल फंड की स्कीम के बेहतर प्रदर्शन और फोकस्ड प्रोडक्टस ट्रैटेजी ( केंद्रित उत्पाद रणनीति ) डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में इसके फुट प्रिंट का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी के सभी एसेट क्लास में एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

# चमोली के 102 काश्तकारों को दिया गया प्रशिक्षण

**संवाददाता** चमोली। प्रधानमंत्री कृषि सिचांई योजनान्तर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जड़ी बूटी शोध एंव विकास संस्थान मण्डल गोपेश्वर में आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अपर परियोजना निदेशक केके पन्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं सिंचाई मिशन के विषय विशेषज्ञ डॉ पीके सिंह ने काश्तकारों को सूक्ष्म सिंचाई मिशन के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

अपर उद्यान अधिकारी डीपी डंगवाल ने उद्यान विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी व सहायक विकास अधिकारी नेहा राणा ने कीवी व मशरुम उत्पादन के विषय पर जानकारी प्रदान की। जड़ी बूटी शोध संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सीपी कुनियाल ने काश्तकारों को जड़ी–बूटी कृषिकरण व विपणन को लेकर संचालित योजना और तकनीकी के विषय में जानकारी दी। वहीं विभागीय प्रशिक्षक की ओर से काश्तकारों को खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर भारत ड्रिप हॉर्टिकल्चर स्टॉल लगाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के 102 काश्तकारों ने प्रतिभाग किया।

इस कार्यक्रम में उद्यान प्रभारी रघुबीर सिंह राणा, ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक डीएस कांडपाल एवं शंकर देवरानी आदि मौजूद थे।



### पीएम ग्रामीण आवास योजना लाभार्थी सम्मान समारोह में बांटे लाभार्थी चैक

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला विकासखण्ड सभागार में पीएम ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो के लाभार्थियों को सम्मान समारोह में निर्माणकार्य पूर्ण होने पर प्रोत्साहन धनराशि के चौक विधायक दुर्गेश्वर लाल ने बतौर मुख्य अतिथि वितरित किये। पुरोला विकासखण्ड सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रो से एकत्रित लाभार्थी महिलाओं को 6–6 हजार रुपये के चौक वितरित किये यह लाभ उन लाभार्थियों को दिया गया जिन्होंने पीएम आवास योजना का लाभ लेते हुए समयबद्ध निर्माण पूर्ण कर घर मे प्रवेश के लिए तैयार कर दिया हो। यह धनराशि लाभार्थियों को घर मे बर्तन आदि आवश्यक वस्तुओं को खरीद सकें इसको लेकर दी गयी है। विधायक ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशे की लत दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने महिलाओं को नशे के खिलाफ जागरूक रहने की अपील की।

# परम्परागत फसल संग्रहण से व्यवसाय की पहल से कृषकों की आमदनी में हो रही वृद्धि

**संवाददाता**

■जनपद में फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे हैं विशेष प्रयास

रुद्रप्रयाग। परियोजना प्रबंधक ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना बीके भट्ट ने बताया कि जनपद रुद्रप्रयाग परम्परागत खेती और फसलों के लिए अपनी एक विशिष्ट पहचान रखता है, जिसमें जनपद के अन्तर्गत किसान आधुनिक फसलों की खेती के साथ–साथ परम्परागत फसलों यथा–मण्डुवा, झंगोरा आदि फसलों का उत्पादन भी कर रहा है।

उन्होंने बताया कि राज्य के पर्वतीय जिलों में मिलेट्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने एक विषेश कार्यक्रम ''उत्तराखण्ड मिलेट मिशन'' प्रारम्भ किया। प्रदेश की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियां मिलेट्स फसलों को उगाने के लिए उपयुक्त है। ये फसलें असिंचित क्षेत्रों मे होती है, अतः इन फसलों के लिए सिंचाई की कम आवश्यकता होती है। ये फसलें औषधीय एवं पोषणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होने के कारण कृषकों की आय बढ़ाने मे भी सहायक हैं। मण्डुवा फसलो का पोषणीय एवं औषधीय महत्व के बारे में बताया कि मण्डुवा में प्रोटीन धान से अधिक एवं कैल्सियम की मात्रा धान और गेहूं से क्रम शः 35 व 8 गुना अधिक होती है। साथ ही पशुओं के लिए मण्डुवा का चारा बहुत उपयोगी होता है तथा नियमित मण्डुवा सेवन से मधुमेह जैसी रोगों को काफी हद तक नियन्त्रित किया जा सकता है। उन्होंने मिलेट मिशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मिलेट फसलों को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष प्रयास/ध्यान दिये जाने की आवश्यकता एवं पर्वतीय जिलों में मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा एक विशेष कार्यक्रम उत्तराखण्ड सरकार द्वारा मिलेट मिशन के रूप में वर्ष 2023–24 से वर्ष 2027–28 तक के लिए लागू किया गया है।

इसका उद्देश्य राज्य भर के छोटे और सीमांत किसानों को मिलेट्स उगाने के लिए प्रोत्साहित करना एवं उनके पोषण मे सुधार करना है। इस प्रकार तीनों विकास खंडों में गठितध्अंगीकृत सहकारिताध्क्लस्टर लेवल फेडरेशन के द्वारा कुल 1784 कुंतल मंडुवा संग्रहित किया गया।

### सड़कों को प्राथमिकता से गड्ढा मुक्त करने के निर्देश

**संवाददाता** हरिद्वार। जिलाधिकारी कमेंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग के कामों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीएम ने जिले में यातायात सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सड़कों को प्राथमिकता से गड्ढा मुक्त करने के निर्देश लोनिवि. के अधिशासी अभियंता को दिए। बुधवार को जिला कार्यालय रोशनाबाद सभागार में लोनिवि. के कार्यों की गहनता से समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क, निर्माण और डामरीकरण के लिए वर्तमान में मौसम अनुकूल है। शीघ्रता से जिले में डामरीकरण काम किया जाए। सड़कों को गड्ढा मुक्त करने और निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। निर्माण कार्यों को गुणवत्तायुक्त और समयबद्धता से पूर्ण किया जाए।

*सत्याग्रह बल से नहीं ,हिंसा के त्याग से होता है। -अज्ञात*



विचार-प्रवाह देहरादून, गुरूवार, 10 अक्टूबर 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# स्वतंत्र उपधाराए

**यह भी स्पष्ट हुआ कि इस कानून की धारा 15 के तहत आने वाली उपधाराएं (1), (2) और (3) एक दूसरे से स्वतंत्र हैं। यानी कोई मामला अगर किसी एक उपधारा के दायरे में नहीं आता तो भी वह दूसरी उपधारा के अंतर्गत आ सकता है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

चाइल्ड पॉर्नोग्रफी पर सोमवार को सुनाए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अगर खुद मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने ऐतिहासिक बताया है तो यह बेवजह नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने न केवल मद्रास हाईकोर्ट के संबंधित फैसले को पलट दिया बल्कि इस अपराध से जुड़े अलग–अलग पहलुओं पर बड़ी बारीकी से और उतने ही विस्तार से चर्चा की। यही नहीं, इस अपराध को देखे जाने के प्रचलित नजरिए में गंभीर संशोधन की जरूरत बताते हुए कोर्ट ने संसद को यह सुझाव भी दिया कि चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के बदले बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री का इस्तेमाल किया जाए।

ढीला–ढाला रवैया रू इस अपराध को लेकर समाज के एक हिस्से में किस तरह का ढीला–ढाला रवैया अपनाया जाता है इसका कुछ अंदाजा मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले से भी होता है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया। हाईकोर्ट ने 28 साल के व्यक्ति के खिलाफ दर्ज क्रिमिनल केस को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के विडियो डाउनलोड करना या देखना अपने आप में अपराध नहीं। कोर्ट का यह भी कहना था कि आजकल बच्चों में पॉर्न देखना एक बड़ा मसला है और इन्हें दंडित करने के बजाय शिक्षित करने की जरूरत है।



सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के विक्टिमाइजेशन से जुड़े पहलुओं को अहमियत देते हुए इस मसले को देखा और समझा कि हाईकोर्ट के नजरिए में गंभीर खामियां हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर कोई चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के विडियो डाउनलोड करता है, देखता है और उसे डिलीट करने या रिपोर्ट करने में नाकाम होता है तो कानून के तहत उस पर केस बनता है। यह भी स्पष्ट हुआ कि इस कानून की धारा 15 के तहत आने वाली उपधाराएं (1), (2) और (3) एक दूसरे से स्वतंत्र हैं। यानी कोई मामला अगर किसी एक उपधारा के दायरे में नहीं आता तो भी वह दूसरी उपधारा के अंतर्गत आ सकता है। समाज के एक बड़े तबके में पॉर्न विडियो का फैलाव बढ़ गया है जो एक बड़ी समस्या है। इस वजह से इस तरह के डर की भी गुंजाइश बनती है कि अगर किसी के वट्सऐप पर कोई आपत्तिजनक विडियो आता है जो डिलीट होने से रह जाता है तो कहीं संबंधित व्यक्ति को अपराधी न मान लिया जाए। मगर यहां विडियो आने और उसे डाउनलोड करने और देखे जाने का फर्क याद रखने लायक है।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की खासियत यह भी है कि इसने कानूनी दृष्टि को वह बारीकी दी है जो ऐसे आपराधिक मकसद वाले मामलों को अन्य मामलों से अलग कर सके और अपराधियों को शिक्षित करने की जरूरत की ढाल न लेने दे।

## अघोरी



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** डायना के दिमाग में अघोरी को जानने की उथल पुथल चल रही थी। अघोरी अपने क्रोधी बर्ताव से डायना को दहशत दे चुके थे। डायना अघोरी के सामने बैठ जाती है और कहती है, "जब तक आप अपने बारे में कुछ नहीं बताएँगे, मैं यहाँ से नहीं जाऊँगी" ।डायना की तीव्र इच्छा की वजह से, अघोरी का ह्दय परिवर्तन हो जाता है और वह डायना के सर में हाथ रखकर, पल भर में उसे, अपने बारे में सब कुछ बता देते हैं। डायना आंखें खोलती हैं और वह शून्य हो जाती है। उसे अपनी जिंदगी की सभी बातें, तुच्छ लगने लगती है। उसने जो जीवन जिया था, वह किसी जानवर की तरह, नजर आने लगता है, क्योंकि डायना सत्य को समझ चुकी थी।

**...शेष कल**

# संपादकीय

## योगी का संदेश

योगी आदित्यनाथ लगातार कोर हिंदुत्व की बात कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में आगरा में जो कहा, वह जातिवाद और आरक्षण के इर्द–गिर्द घूम रही मौजूदा जाति केंद्रित राजनीति का जवाब है। आदित्यनाथ ने आगरा में वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर कहा कि बंटेंगे तो कटेंगे। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद जिस तरह अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले बढ़े हैं, उस संदर्भ में यह बयान था। आदित्यनाथ की भाषा थोड़ी सख्त जरूर है, लेकिन वह देश के बहुसंख्यक समाज को संदेश दे रहे हैं। उनके बयान को बांटने वाली वैचारिकी के जवाब के रूप में भी देखा जा रहा है। एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जो मान रहा है कि योगी एक तरह से हिंदू समाज के एकीकरण की बात करके करके राहुल, अखिलेश और तेजस्वी की सियासी काट का नया रसायन पेश कर रहे हैं। एक तरफ जाति आधारित जनगणना के जवाब में योगी का विचार है तो दूसरी तरफ संघ की इस पर परोक्ष स्वीकृति है। तय है कि बीजेपी इनके बीच से इस मुद्दे की राह निकालेगी।

संघ ने कहा है, 'हिंदू समाज में जाति और जातीय संबंध एक संवेदनशील मुद्दा है। यह हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसे बहुत गंभीरता से निपटाना चाहिए न कि केवल चुनाव या राजनीति के लिए।'

# संघ की सोच

उमेश चतुर्वेदी।।

भारतीय समाज अजब कशमकश से गुजर रहा है। शहरीकरण के साथ एक तरफ जहां जातिवाद का असर कम हो रहा है, वहीं राजनीति के स्तर पर जातिवादी सोच नए सिरे से परवान चढ़ चुकी है। आजादी के आंदोलन के अगुआ गांधी की जाति को लेकर जो सोच थी, उसके ठीक उलटी तरफ आज की कांग्रेस की राजनीति है। गांधी जी ने 1930 में लिखा था, 'मेरे, हमारे, अपनों के स्वराज में जाति और धर्म के आधार पर भेद का कोई स्थान नहीं हो सकता। स्वराज सबके लिए, सबके कल्याण के लिए होगा।' लेकिन आज कांग्रेस की अगुआई वाले इंडिया की ओर से उठी जाति आधारित जनगणना की मांग ने पिछड़े और दलित समुदायों की आकांक्षाओं को उस जगह पहुंचा दिया है, जहां से वापसी चुनौतीपूर्ण लग रही है।

शायद यही वजह है कि इस मांग की बीजेपी अनदेखी करती रही है। चूंकि विपक्षी दलों की ओर से इस मुद्दे पर लगातार आक्रामक रवैया अख्तियार किया जा रहा है, इसलिए बीजेपी बचाव की भूमिका में नजर आती रही। ऐसे माहौल में जाति आधारित जनगणना पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जो विचार जाहिर किया है, उसने बीजेपी को धर्मसंकट से बचा लिया। केरल में तीन दिनों तक चली प्रतिनिधि सभा के



बाद संघ ने कहा है, 'हिंदू समाज में जाति और जातीय संबंध एक संवेदनशील मुद्दा है। यह हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसे बहुत गंभीरता से निपटाना चाहिए न कि केवल चुनाव या राजनीति के लिए।'

कुछ राजनीतिक जानकारों को लगता है कि जाति को लेकर संघ ने अपने विचार बदल लिए हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। आरएसएस का लक्ष्य हिंदू समाज में ऊंच–नीच के भाव को खत्म करके एकता का भाव भरना है। संघ को ठीक से जानने वाले समझते हैं कि वह अपने इस लक्ष्य पर कायम है। चूंकि राजनीतिक रूप से जाति के मुद्दे को जाति जनगणना के मुद्दे पर सनसनीखेज बना दिया गया है इसलिए इस मुद्दे की अनदेखी आसान नहीं है। संघ जाति जनगणना की वकालत कर रहा है तो इसलिए कि जो समुदाय पीछे रह गए हैं, उन्हें अगर इससे आगे आने का मौका मिलता है तो वह मिल सके। इसलिए नहीं कि जातीय उन्माद फैले और उसका राजनीतिक फायदा उठाया जाए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर गांधी जी का नाम लेते हैं और उनके हवाले से मौजूदा सरकार और उसकी नीतियों को कोसते हैं।

भारतीय समाज को बांटने के एक औजार के तौर पर 1931 में अंग्रेजों ने पहली बार जनगणना में जाति के आधार को भी शामिल किया था। दूसरे विश्वयुद्ध के चलते 1941 में जनगणना नहीं हुई। लेकिन 1951 में जब पहली बार आजादी के बाद जनगणना हो रही थी, तब भी जाति को आधार बनाने की मांग उठी थी। तब गृहमंत्री सरदार पटेल ने इससे साफ इनकार कर दिया था। पटेल ने कहा था, 'जाति जनगणना देश के सामाजिक ताने–बाने को बिगाड़ सकती है।' इसका समर्थन नेहरू, आंबेडकर और मौलाना आजाद ने भी किया था।

डॉ. राममनोहर लोहिया की जाति को लेकर विशेष सोच थी। उन्होंने लिखा है, 'जाति प्रणाली परिवर्तन के खिलाफ स्थिरता की जबरदस्त शक्ति है। यह शक्ति क्षुद्रता और झूठ को स्थिरता प्रदान करती है।'

## अष्टयोग-5061

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 6 | | 1 | 2 |
| 2 | 33 | | 36 | | 27 | 5 |
| 7 | | 5 | | 3 | | |
| | 42 | | 25 | 1 | 22 | 6 |
| | 6 | | | 2 | | 4 |
| 6 | 36 | | 32 | | 34 | |
| 1 | | 3 | 4 | 5 | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5060 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 33 | 1 | 23 | 6 | 33 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 4 | 40 | 4 | 27 | 4 | 24 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | 7 | 33 | 2 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### बीजेपी का असमंजस

**मोहन।** बीजेपी की राजनीति हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की वैचारिक बुनियाद पर विकसित हुई है। उसका पारंपरिक और कोर समर्थक वर्ग हर उस मुद्दे के क्रियान्वयन की उम्मीद उसी अंदाज में करता है, जिस अंदाज में उसने बीजेपी के विपक्ष में रहते हुए पार्टी का साथ दिया था। जब भी पार्टी का कोर मुद्दों से वक्ती दबाव में विचलन होता दिखता है, कोर समर्थक कभी हताशा तो कभी गुस्से से भर उठता है। जाति जनगणना पर बीजेपी अगर पशोपेश में दिख रही है तो उसके पीछे कोर समर्थकों का यही दबाव है। ऐसे में जाति जनगणना पर आए संघ के विचार ने उसकी राह थोड़ी आसान जरूर की है। जातिवादी जनगणना की मांग में समाजवादी खेमा भी आगे है, जो खुद को लोहिया का अनुयायी कहता है। लेकिन जातिवादी व्यवस्था को लेकर वह गांधी के विचार को एक बार भी याद नहीं करते।





## मनोज बाजपेयी को गुलमोहर के लिए मिला चौथा नैशनल अवॉर्ड

मंगलवार को दिल्ली में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में फिल्मी दुनिया के दिग्गजों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मनोज बाजपेयी और शर्मिला टैगोर की फिल्म गुलमोहर को भी नैशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। दिल्ली में आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नेशनल अवॉर्ड पाकर मनोज बाजपेयी ने खुशी जताई और खुद को भाग्यशाली कहा। उन्होंने कहा, श्अच्छा महसूस कर रहा हूं। क्योंकि नैशनल अवॉर्ड जैसी जगह पर आकर, एक ऐसी छोटी सी फिल्म जिस तरह से अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है तो ये अपने आपमें बहुत बड़ी बात है हमारे लिए। उन्होंने आगे कहा, शर्मिला टैगोर जी हमारे साथ थीं शूटिंग के समय। उनका आशीर्वाद हमेशा साथ रहा। मुझे हमेशा लगता था कि जिस तरह की फिल्म गुलमोहर है, उसे वो मुकाम अब तक हासिल नहीं हुआ जो होना चाहिए। ठीक उसी समय ये अच्छी खबर मिलती है कि गुलमोहर को तीन नैशनल अवॉर्ड मिले हैं। इससे बड़ी खुशी हमलोगों के लिए हो नहीं सकती थी। हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, श्जब मुझे यह तीन ये अवॉर्ड मिले तब मैं मेरा रिएक्शन ऐसा ही था राष्ट्रीय पुरस्कार की खबर पाकर, जैसा चौथी बार है।

## अनन्या पांडे की बहन अलाना को पापा से पड़ी टॉप के लिए डांट

अनन्या पांडे की कजिन सिस्टर अलाना पांडे इन दिनों ओटीटी डेब्यू को लेकर चर्चा में खूब छाई हैं। बता दें कि अलाना पांडे एक यूट्यूबर और फेमस इंफ्लूएंसर हैं। अलाना अपने लुक्स और स्टाइल को लेकर खूब सुर्खियों में रहती हैं। हालांकि, उन्हें अपनी ड्रेसिंग की वजह से सबके सामने अपने ही पापा से डांट लग गई, जिसका वीडियो अब खूब सुर्खियां बटोर रहा। अलाना अमेजन प्राइम वीडियो के शो द ट्राइब से ओटीटी पर नजर आ रही हैं। इस शो का कॉन्सेप्ट ये है कि आखिर कैसे यंग इंफ्लूएंसर खुद को स्टैबलिश करना चाह रही हैं और उन्हें कुछ बड़ा करना है। अब इसी सबके बीच अलाना का एक ऐसा वीडियो सामने आ गया है जिसे सोशल मीडिया पर लोग बार–बार देख रहे हैं। हालांकि, खुद को लगी इस डांट का वीडियो अलाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में अलाना के पिता चिक्की पांडे उन्हें देखकर एक सवाल करते हैं। चिक्की पांडे पूछते हैं– अलाना, क्या तुम अपना टॉप पहनना भूल गई हो? पापा की ये बातें सुनकर अलाना हैरान रह जाती हैं।

## राहा अब इतनी बड़ी हो गई है कि गाने और फिल्में समझ सके



आलिया भट्ट इस वक्त अपनी आने वाली फिल्म जिगरा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। आलिया की अगली फिल्म जिगरा रिलीज होनेवाली है। इसी फिल्म को लेकर आयोजित एक प्रेस मीट में उन्होंने बेटी राहा को लेकर कुछ बातें बताईं। दरअसल उनसे पूछा गया था कि वह राहा को अपने गानों में से सबसे पहले कौन सा गाना दिखाना पसंद करेंगी। आलिया अपने को–स्टार वेदांग रैना और निर्देशक वासन बाला के साथ दिल्ली में थीं। प्रेस मीट के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने ये तय किया है कि अपनी फिल्मों से कौन सी फिल्म राहा को सबसे पहले दिखाएंगी? इसके जवाब में आलिया ने कहा– ये बहुत महत्वपूर्ण फैसला है। उन्होंने अपनी बेटी के बारे में कुछ बातें बताईं। आलिया ने कहा कि वे लोग वेट कर रहे थे कि राहा उतनी बड़ी हो जाए कि गाने और फिल्म समझने लगे। उन्होंने कहा, श्अब वो दो साल की हो गई है ,अभी उसको गाना थोड़ा–थोड़ा दिखा रहे हैं।श आलिया ने कहा, श मैं किसी के साथ यही बातें डिस्कस कर रही थी, लेकिन कल ही उसने मेरा सबसे पहले गाना राधा तेरी चुनरी (फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर) देखा। दरअसल पहला गाना उसने ब्रह्मास्त्र का केसरिया देखा था और कल उसने राधा तेरी चुनरी और बदतमीज दिल (रणबीर की फिल्म ये जवानी है दिवानी का गाना) देखी। वो पक्का सोच रही होगी कि ये गानों पर डांस करना नॉर्मल है।

# जितनी तकलीफें उठाई भगवान ने मुझे सूद समेत वापस कर दीं

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*आखिरकार वो वक्त आ गया, जिसका लंबे समय से इंतजार था। बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। भारतीय सिनेमा की दुनिया के सबसे सम्मानित अवॉर्ड्स समारोह 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स के दौरान एक्टर को सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों उन्हें सम्मानित किया गया है।*

**नेशनल अवह्र्ड मिलने के बाद दिमाग तो खराब हो गया था**

मिथुन ने इस अवॉर्ड को पाकर खुशी जताते हुए कहा, डायलॉग देते तो पढ़ देता, स्पीच देने को बोला है, क्या बोलूंगा कुछ समझ नहीं आ रहा है। बस इतना ही कहूंगा कि इस मंच पर मैं पहले तीन बार आ चुका हूं आपलोगों की दुआ से। लेकिन सबसे पहली बार जब मिला था नेशनल अवॉर्ड तो उसके इतने किस्से हैं कि मैंने किसी को नहीं बताए हैं। जब वो मिला तो लोग कहने लगे कि अरे आपको नेशनल अवॉर्ड मिला। तो मेरा दिमाग खराब हो गया कि मैंने कुछ बड़ा कर दिया। मुझे एक्टर तो सबने बाद में मान लिया। लेकिन मेरे रंग के कारण लोगों ने मुझे खूब ताने मारे। मैंने भगवान से कहा कि भगवान रंग तो नहीं बदल सकता। तो मैंने डांस करना शुरू किया, अपने पैरों को रुकने नहीं दिया।

**खुद सो जाना पर सपने को सोने नहीं देना**

मिथुन बोले, आज के यंग लड़के आ रहे हैं, उनके लिए कहना चाहूंगा कि यंग टैलेंट बहुत हैं, लेकिन उनके पास पैसों की कमी है। जैसे मेरे साथ था। मैं कहूंगा कि तुम हिम्मत मत हारना, सपना खूब देखना। खुद सो जाना पर सपने को सोने नहीं देना। क्योंकि अगर मैं बन सकता हूं तो सब बन सकते हैं।



**मैं यह मुकाम बना सकता हूं तो आप भी कर सकते है**

बता दें कि जब मिथुन को दादा साहब फाल्के अवॉर्ड की घोषणा हुई थी तो उन्होंने खुशी जताई थी। उन्होंने कहा था– कभी सोचा भी नहीं था कि फुटपाथ से निकला एक लड़का इतना बड़ा सम्मान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा था, श्एक ऐसा व्यक्ति जो सचमुच कुछ नहीं था, जिसका कोई नाम नहीं था, उसने यह सब हासिल किया। मैं हमेशा अपने फैन्स और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों से यही कहता हूं, अगर मैं यह मुकाम बना सकता हूं तो आप भी कर सकते हैं।

**केएफजी 2 से लेकर गुलमोहर तक**

बता दें कि अगस्त में ही राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा हुई थी। इस लिस्ट में जिन फिल्मों और कलाकारों को चुना गया था उनमें प्रशांत नील की फिल्म केजीएफ 2 का भी नाम शामिल है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म को दो कैटिगरी में अवॉर्ड दिया गया है। वहीं मनोज बाजपेयी को उनकी सीरीज गुलमोहर के लिए नेशनल अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया है।

**ब्रह्मास्त्र के लिए प्रीतम को भी सम्मानित**

इस लिस्ट में रणबीर कपूर स्टारर ब्रह्मास्त्र के लिए प्रीतम को भी सम्मानित किया जा रहा है। उन्हें बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का नेशनल अवॉर्ड दिया गया है। इन सबके अलावा ऋषभ शेट्टी को कांतारा के लिए बेस्ट एक्टर और नित्या मेनन, मानसी पारेख को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड दिया जा रहा है।

**नीना गुप्ता को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड**

इस समारोह में नीना गुप्ता को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड, ऊंचाई के लिए दिया गया। गुलमोहर के लिए स्पेशल मेंशन अवॉर्ड मनोज बाजपेयी को मिला। वहीं पोन्नियिन सेल्वन के लिए मणिरत्नम को बेस्ट तमिल फिल्म का अवॉर्ड मिला। नॉन फीचर फिल्म कैटेगरी में फुरसत के लिए बेस्ट म्यूजिक का अवॉर्ड विशाल भारद्वाज को मिला।

# वाहबिज दोराबजी करम राजपाल होंगे वाइल्डकार्ड्स?

*बिग बॉस 18 में वाहबिज दोराबजी और करम राजपाल वाइल्डकार्ड एंट्री करेंगे। विवियन डीसेना की पूर्व पत्नी वाहबिज जल्द ही शो में प्रवेश कर सकती हैं। उन्होंने तलाक के बाद 2 करोड़ रुपये की एलिमनी ली थी, ऐसी खबरें आई थीं।*



बिग बॉस सीजन 18 को शुरू हुए अभी मुश्किल से 3 दिन भी नहीं हुए। पहला वीकेंड का वार तक नहीं आया। उसके पहले ही इसमें आने वाले वाइल्डकार्ड्स की चर्चा होने लगी है। साथ ही दो नामों का भी ऐलान किया जा चुका है। बताया जारहा है कि इसमें टॉप 2 बन चुके विवियन डीसेना की एक्स वाइफ और एक्ट्रेस वाहबिज दोराबजी आ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वाहबिज दोराबजी और करम राजपाल वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर शो में आने वाले हैं। सोर्स के हवाले से बताया है कि उन दोनों की एंट्री जल्द ही हो सकती है। शायद इस ही सप्ताह उन्हें अंदर भी देखा जा सकता है।

**बिग बॉस 18 के दो वाइल्डकार्ड्स**

मतलब अभी शो को एक हफ्ता भी नहीं हुआ और उसमें वाइल्डकार्ड आएंगे। शायद ये टाइम के तांडव का ही कुछ प्लान होगा। जिसमें विवियन के अतीत को इस शो का हिस्सा बनाया जाने के बारे में मेकर्स सोच विचार रहे हों।

**वाहबिज को विवियन ने 2 करोड़ रुपये एलिमनी दी**

वाहबिज, विवियन की पूर्व पत्नी हैं। इनका 2021 में तलाक हुआ था। बताया जाता है कि इन्होंने एलीमनी के तौर पर 2 करोड़ रुपये भी लिए थे। एक्टर ने कहा था कि पति कि संपत्ति में पत्नी का 20 पर्सेंट हक होता है। इनसे अलग होने के बाद एक्टर ने अपना धर्म बदल लिया था। वह ईसाई से मुसलमान बन गए थे।

**विवियन डीसेना बिग बॉस 18 के टॉप 2**

विवियन डीसेना को ग्रैंड प्रीमियर के ही दिन मेकर्स ने टॉप 2 बना दिया था। वह अब शुरू से ही शो को फाइनलिस्ट हैं और ये जगह कोई दूसरा नहीं ले सकता। हालांकि इसके पीछे क्या गेम है, ये तो तीन महीने में क्लियर होगा। फिलहाल वह शो में लोगों को सिद्धार्थ शुक्ला वाली वाइब दे रहे हैं। हालांकि अभी तीन दिन हुए हैं। ऐसे में कौन कितना रियल है, ये आने वाले समय में ही पता चलेगा।

# अंडरगार्मेंट पहनकर सोना हो सकता है खतरनाक, क्या आप भी करते हैं ऐसा?

*कुछ लोग रात को सोते समय अंडरगार्मेंट्स खोल करके सोते हैं लेकिन कई लोग रात में इन्हें वियर करके ही सोना पसंद करते हैं। रात को अंडरगारमेंट्स पहनकर सोना सही है या गलत, इस बात को लेकर लोगों के अपने अपने-अपने तर्क हैं। लेकिन आज हम साइंस के नजरिए से जानेंगे कि आखिर सही क्या है।*



**ब्रा से जुड़े हैं ये मिथ्य**

रात में ब्रा नहीं पहनकर सोने से कई मिथ्य जुड़े हैं। इन्हीं में से एक है कि ब्रा नहीं पहनकर सोने से स्तनों की शेप बिगड़ जाता है या उनमें ढीलापन आ जाता है। हालांकि यह सोच बिलकुल गलत है। लोगों का तर्क है कि ब्रा नहीं पहनने से शरीर के विषाक्त पदार्थ और अपशिष्ट पदार्थ आसानी से बाहर निकल जाते हैं। वहीं ब्रा पहनने से ये खून में मिल जाते हैं। ऐसे में कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। हालांकि शोध बताते हैं कि ये सारी बातें सिर्फ मिथ्य हैं और ऐसे कोई प्रमाण नहीं मिलते हैं। हालांकि टाइट ब्रा गर्दन और कमर दर्द का कारण बन सकती है।

**अंडरवियर न पहनकर सोने के फायदे**

रात में ब्रा ही नहीं महिलाओ के साथ–साथ पुरुषों के लिए अंडरववियर पहनकर सोने के भी कई नुकसान हैं। दरअसल, आमतौर पर अंडरवियर काफी टाइट होते हैं। ऐसे में जांघों के बीच में काफी पसीना आने लगता है। यह पसीना कई प्रकार की समस्याओं का कारण बनता है। इसके कारण खुजली और जलन की समस्या हो सकती है। साथ ही यह फंगल इंफेक्शन, बैक्टीरियल इंफेक्शन और यीस्ट इंफेक्शन का खतरा भी कई गुना बढ़ा देता है। टाइट अंडरवियर से वजाइना को हवा नहीं मिल पाती है और नमी बनी रहती है। यही नमी कई परेशानियां खड़ी कर सकती है।

**पुरुषों पर कैसे असर डालता है?**

पुरुषों के प्राइवेट पार्ट्स पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। रात में टाइट अंडरगारमेंट पहनने से दाद–खाज और खुजली की समस्या होने लगती है। नाजुक अंग सांस नहीं ले पाते, जिसकी वजह से पुरुषों को हेल्थ से जुड़ी समस्याओं के साथ–साथ सेक्स संबंधी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है। वहीं इसके कारण स्पर्म क्वालिटी खराब होने लगती है और इसका बुरा असर फर्टिलिटी पर भी पड़ता है।

**जानिए क्या कहते हैं शोध और एक्सपर्ट**

गौतम हॉस्पिटल की मनोचिकित्सक डॉ. अनीता गौतम का कहना है कि रात में अंडरगारमेंट पहनकर न सोने की सलाह इसलिए दी जाती है, जिससे आपको अच्छी और गहरी नींद आ सके। अंडरगारमेंट्स काफी टाइट होते हैं, इसलिए उन्हें पहनने से नींद में बाधा पैदा होती है। ब्लड सर्कुलेशन ठीक से नहीं हो पाता है और आप सोने के दौरान असहज महसूस करते हैं। वहीं जब आप टाइट कपड़े उतारकर सोते हैं तो ऐसी समस्याएं नहीं आती हैं। जापान की नारा वूमन यूनिवर्सिटी के एक शोध के अनुसार ब्रा और अन्य टाइट कपड़े आपके स्लीप साइकिल को प्रभावित करते हैं। ऐसे में बार–बार नींद खुलती है।



## भुना हुआ चना या भिगोया हुआ, क्या है ज्यादा फायदेमंद

सेहत के लिए चने का सेवन बहुत लाभकारी होता है। छोटे दिखने वाले इन बीजों को पोषक तत्वों का खजाना माना जाता है। चने में आयरन, फाइबर, फॉलेट, कार्ब्स और प्रोटीन की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। शरीर को स्वस्थ और फिटनेस को बरकरार रखने के लिए हेल्थ एक्सपर्ट्स भी चने को डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। वर्कआउट के बाद प्रोटीन के रूप में ज्यादातर लोग आहार में सुपरफूट को जरूर शामिल करते हैं। यह मांसपेशियों को पोषण देता है और इनकी मरम्मत करने में मदद करता है। शरीर को ज्यादा फायदा मिले, इसके लिए जानते हैं कि चने को किस तरीके से डाइट में शामिल करना बेहतर होता है। इसमें अधिक मात्रा में फाइबर होता है, जिसकी वजह से लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस करता है ऐसे में चना को खाने से वजन घटाने में मदद मिलती है। चना में सोडियम की मात्रा कम होती है जिससे कोलेस्ट्रॉल नहीं बढ़ता। यह पाली अनसैचुरेटेड फैट का अच्छा स्रोत होता है जो आपके कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं जिसके कारण हार्ट डिजीज पैदा होने का खतरा कम होता है। चना में ग्लाइसमिक इंडेक्स का लेवल कम होता है। ये ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। डायबिटीज मरीज अपने डाइट में इसको को शामिल कर सकते हैं। इसमें बहुत अधिक मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो कब्ज को तोड़ने में सहायता करता है।

## नाक से खून आना कौन सी बीमारी का संकेत है? कहीं ये कैंसर तो नहीं

डॉक्टर शाह, ई एन टी, स्पेशलिस्ट के मुताबिक, कई बार नाक में बलगम सूख जाने की वजह से छोटी ब्लड सेल्स फट जाती हैं, जिसके कारण से भी नाक से बाहर खून आने लगता है। आइए जानते हैं इसके क्या–क्या कारण हो सकते हैं। हाई ब्लड प्रेशर होना ब्लड वेसल्स को नुकसान पहुंचा सकता है, जिसकी वजह से हाइपरटेंशन की समस्या हो सकती है। बीपी बढ़ने पर नाक से खून आने के संकेत इसके लक्षणों में से एक है। उच्च रक्तचाप होने पर नाक की नसों पर प्रेशर पड़ता है, जिसके चलते वह फटने लगती हैं। किसी व्यक्ति को अगर लिवर से जुड़ी समस्या है तो उसके नाक से बार–बार खून आ सकता है, जिसे एपिस्टेक्सिस भी कहते हैं। यह किसी को भी हो सकता है और जीवन काल में ज्यादातर लोगों को एक बार यह बीमारी जरूर होती है। यह हर उम्र के लोगों में होने वाली आम शिकायत है। बच्चों को नकसीर की समस्या ज्यादा होती है, जिसका कारण है जुकाम, एलर्जी, नाक में उंगली डालने की आदत। वहीं वृद्ध लोगों में भी यह समस्या अधिक देखी जाती है। हीमोफीलिया हमारे खून को प्रभावित करती है, जो एक अनुवांशिक बीमारी है।

# दिल भी बर्बाद कर सकता है फैटी लिवर



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*लिवर में अगर 5 प्रतिशत से ज्यादा फैट जमा हो जाए तो फैटी लिवर की समस्या हो जाती है। इसकी वजह से वह ठीक से काम नहीं करता है। आमतौर पर फैटी लिवर की समस्या ज्यादा शराब पीने से होती है। हालांकि जो लोग कम शराब पीते हैं या फिर बिल्कुल भी शराब नहीं पीते हैं उनके लिवर में भी एक्स्ट्रा फैट जमा हो जाता है। इस स्थिति को नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर कहते हैं। फैटी लिवर की समस्या होने पर कई दूसरे रोग भी व्यक्ति को आसानी से घेर लेते हैं। प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट शिव कुमार सरीन के अनुसार फैटी लिवर कई बीमारियों की जड़ होता है। ऐसे में इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। आइए डॉक्टर सरीन से जानते हैं कि किस तरह से हम अपने लिवर की अच्छी देखभाल कर सकते हैं।*

**पेनक्रियाज बनाता है इंसुलिन**

हम जो खाते हैं उसे इंसुलिन पचाती है यानी शुगर को एनर्जी में बदलती है। लिवर में फैट आने पर इंसुलिन सेल के अंदर ठीक से नहीं जा पाता और ज्यादा इंसुलिन की जरूरत पड़ने लगती है। ऐसे में मेहनत भी ज्यादा लगती है। रोज–रोज ज्यादा इंसुलिन बनाने से पेनक्रियाज थक जाता है। इंसुलिन अगर सेल तक नहीं पहुंचती है तो व्यक्ति शुगर यूज नहीं कर पाता है।

**फैटी लिवर से होने वाली अन्य बीमारियां**

*हाई ब्लड प्रेशरः* जब फैट लिवर से बाहर आता है तो और आर्टिरीज में जमा हो जाता है ऐसे में आर्टिरीज हार्ड हो जाती है और ब्लड प्रेशर हाई हो जाता है।
*डायबिटीजः* लंबे समय तक रोज ज्यादा इंसुलिन बनाने के कारण पेनक्रियाज थक जाता है और डायबिटीज की समस्या हो जाती है।
*हाई कोलेस्ट्रॉल लेवलः* ब्लड में फैट जमने के कारण कोलेस्ट्रॉल लेवल हाई हो जाता है और यह फैट हमारे ब्लड में ही घूमता रहता है।
*गॉलब्लैडर में स्टोनः* गॉलब्लैडर में फैट के जाने से वह स्टोन बन जाता है।
*हार्ट अटैकः* यही फैट जब हार्ट में इकट्ठा होता है तो इससे व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ जाता है।
*किडनी डिजीजः* फैट जमा होने पर किडनी पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में किडनी डिजीज होने का भी रिस्क बढ़ जाता है।
*ब्रेन स्ट्रोकः* फैट अगर ब्रेन तक पहुंच जाए तो ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।



**इन चीजों का करें सेवन**

लंबे और निरोगी जीवन के लिए व्यक्ति को आधा खाना नेचुरल यानी अनकुक्ड खाना चाहिए। आप 40ः से 50ः तक अपना खाना अनकुक्ड ही रखें। इसमें सलाद, सेब, नट्स आदि को शामिल हैं। इसके अलावा आप गेहूं के आटे की जगह बाजरा और ज्वार के आटे सेवन करें। यह लो ग्लाइसेमिक फूड है। इससे शुगर तेजी से नहीं बढ़ता है। गेहूं का आटा शुगर लेवल को जल्दी बढ़ाता है। आप रंग बिरंगी सब्जियों का सेवन भी अधिक मात्रा में करें। जितनी ज्यादा रंग बिरंगी चीजों का आप सेवन करेंगे, उतना ही आपका लिवर हेल्दी रहेगा।

**लिवर के लिए फायदेमंद हल्दी**

हल्दी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण टॉक्सिन से होने वाले डैमेज से लिवर को बचाता है। इसके अलावा इसमें करक्यूमिन नामक कंपाउंड पाया जाता है जो सूजन को कम करता है। नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज में यह एक प्रमुख समस्या होती है। हल्दी का सेवन करने से पाचन तंत्र बेहतर होता है।

## पुरानी से पुरानी कब्ज को तोड़ देगी इन पत्तियों की चटनी



डॉक्टर अनुकल्प प्रकाश,गैस्ट्रोएंटरोलॉजी लीड कंसलटेंट ,सीके बिरला हॉस्पिटल के मुताबिक, कब्ज की समस्या बादी वाली चीजों के सेवन से और अधिक बढ़ जाती है। कब्ज को दूर करने लिए कुछ आयुर्वेदिक उपायों का सहारा लिया जा सकता है। कुछ आयुर्वेदिक पत्तियां पुरानी से पुरानी कब्ज से भी छुटकारा दिलाने के लिए रामबाण मानी जाते हैं। पुदीना को कई तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके बेहतरीन स्वाद और स्वास्थ्य लाभ की वजह से लोग इसे कई तरीके से डाइट में शामिल करना पसंद करते हैं। वहीं कब्ज से जुड़ी समस्या में यह एक कारगर उपाय है। एसिडिटी, कब्ज और गैस से राहत दिलाने में पुदीने के पत्ते फायदेमंद होते हैं। इसकी पत्तियों की चटनी, हर्बल चाय या फिर इसकी पत्तियों को डायरेक्ट चबाया भी जा सकता है। यह पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करते हैं और इसकी तासीर ठंडी होने के कारण हमारा पेट भी ठंडा रहता है, जिससे हमें ताजगी का एहसाह होता है और कब्ज से छुटकारा मिलता है। धनिया के पत्तों में फाइबर की अधिकता और एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो आंत से जुड़ी समस्या जैसे, मल में रुकावट और सूजन को दूर करके कब्ज में राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।



**रोहित शर्मा इस सीरीज में करेगी वापसी**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जाने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 16 से 20 अक्टूबर के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस सीरीज के जरिए रोहित शर्मा मैदान पर वापसी करेंगे। बता दें कि टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिशन स्टेडियम में होगा, जो 24 से 28 अक्टूबर के बीच होगा। वहीं, सीरीज का आखिरी और तीसरा टेस्ट 01 से 05 नवंबर के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

## रोहित शर्मा ने लकी गर्ल को बीच सड़क पर किया बर्थ-डे विश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा क्रिकेट के मैदान के अंदर और बाहर हर जगह सुर्खियां बटोरने का कोई मौका नहीं गंवाते हैं। रोहित को फैंस उनके नेचर की वजह से काफी पसंद करते हैं। इस मौजूदा समय में रोहित आराम पर चल रहे हैं, क्योंकि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज खेल रही है। इस बीच भारतीय कप्तान को मुंबई में अपनी लग्जरी लेम्बोर्गिनी उरुस चलाते हुए देखा गया। उनका वीडियो तेजी से सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कुछ ऐसा किया जिससे 'लकी गर्ल' के चेहरे पर मुस्कान आ गई। दरअसल, वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि रोहित शर्मा रेड लाइट पर कार में सवार हैं, तभी सिग्नल पर गाड़ी रोकते वक्त एक महिला फैन उनकी गाड़ी के पास आती हैं। वह रोहित से कार के पास तस्वीरें क्लिक करने के लिए कहती है। इस बीच पीछे से उसका एक दोस्त हिटमैन को बताता है कि आज इस लड़की का जन्मदिन है। यह सुनकर रोहित उस लड़की से हाथ मिलाकर उन्हें बर्थडे विश करते हैं। इतने में 'लकी गर्ल' के चेहरे पर मुस्कान छा जाती है। यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

# जो रूट ने एलिस्टर कुक को पछाड़कर किया बड़ा कारनामा

### टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर्स की टॉप-5 में की एंट्री

**क्रिकेट**

रूट ने टेस्ट क्रिकेट करियर में 268 पारियों में 12472 रन बना लिए हैं




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के दौरान जो रूट ने बल्ले से एक बड़ा कारनामा किया। तीसरे दिन के खेल में जो रूट ने 71 रन बनाते ही खास मुकाम हासिल किया। जो रूट ने अभी तक टेस्ट क्रिकेट करियर में 268 पारियों में 12472 रन बना लिए हैं।

टेस्ट में इंग्लैंड की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले क्रिकेटर जो रूट बन गए हैं। इतना ही नहीं, वह इस दौरान दुनिया के टॉप-5 बैटर बन गए हैं, जिन्होंने टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाए। वह सचिन तेंदुलकर क महारिकॉर्ड के करीब हैं। दरअसल, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने अपने करियर में 161 टेस्ट खेलते हुए 291 पारियों में 45.35 की औसत से 12472 रन बनाए, लेकिन अब जो रूट उनसे आगे निकल चुके हैं। टेस्ट में इंग्लैंड की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले जो रूट क्रिकेटर बन गए। उन्होंने 12472 रन का आंकड़ा 268 पारियों में पार कर दिया।

बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में टॉप पर महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर (15921 रन) हैं। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज कप्तान रिकी पोंटिंग (13378 रन) हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर जैक कैलिस (13289 रन) तीसरे और भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ (13288 रन) चौथे नंबर पर हैं। जो रूट के टेस्ट क्रिकेट में 12473 रन हो गए हैं और वे अभी भी बल्लेबाजी कर रहे हैं। जो रूट अभी भी सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा टेस्ट रनों के महारिकॉर्ड से 3448 रन से भी ज्यादा रनों से दूर हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में जो रूट ने पहली पारी के दौरान सबसे पहले एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। डब्ल्यूटीसी इतिहास में 5000 रन बनाने वाले जो रूट दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज बने।

बता दें कि आईसीसी ने डब्ल्यूटीसी की शुरुआत 2019 में की थी। एशेज सीरीज से इसकी शुरुआत हुई थी और तभी से रूट इस फॉर्मेट में कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## दूसरे दिन भी बरसे पाकिस्तानी बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच मुल्तान में खेला जा रहा है। मुकाबले के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने पहली पारी में 1 विकेट खोकर 96 रन बना लिए हैं। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पाकिस्तान ने 4 विकेट खोकर 328 रन बनाए थे। सऊद शकील 35 और नसीम शाह बिना कोई रन बनाए क्रीज पर थे। दूसरे दिन दोनों ने बल्लेबाजी की शुरुआत की। सऊद शकील ने 177 गेंदों पर 82 रन बनाए। वहीं तेज गेंदबाज नसीम शाह ने 81 गेंदों का सामना किया और 33 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान का खाता नहीं खुला। उनके अलावा आमेर जमाल ने 10 गेंदों पर 7 रन, शाहीन अफरीदी ने 26 रन और अबरार अहमद ने 3 रन बनाए। आगा सलमान 119 गेंदों पर 104 रन बनाकर नाबाद रहे।

# शेन वाटसन ने बताया दिया ऑस्ट्रेलिया को हराने का ब्रह्मास्त्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वाटसन ने कहा कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम अगर अपने तेज गेंदबाजों का रोटेशन (सीरीज के दौरान गेंदबाजों में अदला-बदली करना) बेहतर तरीके से करे तो वह पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में जीत दर्ज करने की अधिक दावेदार होगी। भारत ने पिछले दो दौरे पर ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर मात दी है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का आगामी दौरा 22 नवंबर से पर्थ में खेले जाने वाले टेस्ट मैच से होगा।

वाटसन ने कहा, 'भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के पास इस सीरीज को जीत दिलाने की क्षमता है। उनकी गेंदबाजी में पैनापन है लेकिन ऑस्ट्रेलिया में लगातार पांच टेस्ट मैचों में ऐसा करने में सक्षम होने के लिए उन्हें सही तरीके से रोटेट करना होगा।' उन्होंने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के पास हर परिस्थितियों में अच्छी गेंदबाजी करने की क्षमता है लेकिन ऑस्ट्रेलिया की कुछ पिचों पर उन्हें उस तरह की मदद नहीं मिलेगी जैसी दुनिया के दूसरे हिस्से में मिलती है।'

**टीम इंडिया पिछली 2 बार से सीरीज अपने नाम की है**

वाटसन ने कहा, 'कम मदद के बावजूद वे प्रभावी होंगे, लेकिन वे कितने प्रभावी होंगे यह परखना होगा।' भारत को 2018-19 और 2020-21 में सीरीज में जीत दिलाने में चेतेश्वर पुजारा ने बल्ले से अहम भूमिका निभाई थी लेकिन वाटसन को नहीं लगता कि उनकी गैरमौजूदगी का टीम पर कोई असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'जब आप पुजारा के बारे में बात करते हैं तो ऐसा लगता है कि वह कोई गलती नहीं करेंगे। आपने भारत के लिए कई अविश्वसनीय बल्लेबाज देखे हैं। इस में शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जैसे (यशस्वी) जायसवाल जैसे बल्लेबाज है जिनके पास बिना गलती किये तेजी से रन बनाने की क्षमता है।' इस तरह के बल्लेबाज अगर ऑस्ट्रेलिया में आते हैं और आक्रामक तरीके से खेलते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाते हैं, तो वे अधिक प्रभाव डाल सकते हैं। इस तरह के बल्लेबाज मैच को तेजी से आगे बढ़ते है।' उन्होंने कहा, 'भारत के पास जिस क्षमता वाले बल्लेबाज हैं और उनके पास जो कौशल है, ऐसा कोई कारण नहीं है कि वे गेंदबाजों पर दबाव डालने में विफल रहेंगे।

## न्यूज डायरी



## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने किया टीम का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के खिलाफ इसी महीने से शुरू होने वाले तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टॉम लाथम की अगुवाई में न्यूजीलैंड की टीम 11 अक्टूबर को भारत के लिए रवाना होगी। न्यूजीलैंड की टेस्ट में मार्क चापमैन को पहली बार मौका मिला है। हालांकि, दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन टीम के साथ भारत के लिए रवाना नहीं होंगे। विलियमसन को ग्रोइन में चोट लगी है। ऐसे में उनका भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलना भी संदिग्ध लग रहा है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का पहला टेस्ट मैच 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में खेला जाएगा। ऐसे में बिना केन विलियमसन के कीवी टीम के लिए भारत को टक्कर देना काफी मुश्किल होगा। केन विलियमसन को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में चोट लगी थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने विलियमसन की चोट पर अपडेट देते हुए कहा, श्चोट के कारण विलियमसन को भारत दौरे के लिए उड़ान भरने में देरी हो सकती है। उनकी जगह अनकैप्ड प्लेयर मार्क चापमैन को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया है। श्रीलंका दौरे पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद न्यूजीलैंड की टीम भारत से टक्कर लेगी। केन विलियमसन की चोट के अलावा माइकल ब्रेसवेल भी न्यूजीलैंड के लिए सिर्फ एक ही टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल की रिपोर्ट को पीसीबी ने बताया गलत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल के दुबई में होने की रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, ये कहा गया कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल का वेन्यू भारत के क्वालीफिकेशन के हिसाब से दुबई में होगा। इस बीच पीसीबी के प्रवक्ता ने टूर्नामेंट के फाइनल के वेन्यू के बदलाव की रिपोर्ट को लेकर बयान दिया है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट ने पीसीबी के प्रवक्ता के हवाले से कहा कि इन खबरों में बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है कि चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल पाकिस्तान के बाहर आयोजित किया जा सकता है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं कि टूर्नामेंट की सभी तैयारियां सही रास्ते पर हैं और हमें विश्वास है कि पाकिस्तान एक यादगार कार्यक्रम की मेजबानी करने में सक्षम होगा। लाहौर, रावलपिंडी और कराची चैंपियन ट्रॉफी 2025 के मैचों की मेजबानी करने वाले हैं। लाहौर फाइनल सहित सात मैचों की मेजबानी करेगा, जबकि कराची का नेशनल स्टेडियम में ओपनिंग मैच और एक सेमीफाइनल का आयोजन होगा। रावलपिंडी को सेमीफाइनल सहित पांच मैचों की मेजबानी करनी है। बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का सेमीफाइनल मैच 5 और 6 मार्च को कराची और रावलपिंडी में खेला जाना है और फाइनल 9 मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा।

## यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग के सीजन 3 की नीलामी प्रक्रिया पूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका के ऑलराउंडर कोरी एंडरसन, वेन पार्नेल और जिंबाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग के सीजन 3 की नीलामी में खरीदे जाने वाले शीर्ष खिलाड़ी रहे। यूएसपीएल के तीसरे सीजन की शुरुआत 22 नवंबर से होगी। मियामी में फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम पर लीग के मैच खेले जाएंगे।नई जर्सी में नीलामी प्रक्रिया पूरी हुई, जहां तीसरे सीजन के लिए प्रमुख खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी ने अपने साथ जोड़ा। एंडरसन, पार्नेल, रजा और मोनाक पटेल जैसे दिग्गज खिलाड़ी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली छह फ्रेंचाइजी ने अपने स्क्वाड पूरे कर लिए हैं। कैरोलिना ईगल्स ने अपने स्क्वाड में वेन पार्नेल, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जैक बाल, आयरलैंड के मार्क एडेर और अमेरिका के जसदीप सिंह व शेहान जयसूर्या को शामिल किया है। इसके अलावा फ्रेंचाइजी ने स्थानीय प्रतिभाएं जैसे डेरोन डेविस, राज नन्नन, आर्य गर्ग और आर्यन सिंह को भी अपने साथ जोड़ा है। वहीं, एटलांटा ब्लैकेप्स ने भी नए करार करते हुए अपना स्क्वाड मजबूत किया। इस फ्रेंचाइजी में अली शेख, कैल्विन सैवेज और मिलिंद कुमार को जगह मिली, जो टीम में अनोखी शैली लाएंगे। शाडले वान शालविक, कोरी एंडरसन और अदनित झांब के जुड़ने से टीम की गहराई बढ़ी।



नदियों के नियमित चैनलाइजेशन करने के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला आयोग अध्यक्ष ने वन स्टॉप सेंटर में पीड़ितों का जाना हालचाल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने बुधवार को सर्वे चौक स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं के रहने, भोजन इत्यादि की व्यवस्था का जायजा लिया। आयोग अध्यक्ष ने वन स्टॉप सेंटर के आश्रय में रह रही महिलाओं से मिलकर उसका हाल भी जाना तथा उसको मिलने वाली समस्त सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सेंटर में पीड़िता महिलाओं के आने वाले कॉल, काउन्सलिंग की डिटेल देखी तथा काउंसलर एवं स्टाफ से विस्तार से जानकारी ली।

### सनातन रक्षा के लिए संतों का अंतरराष्ट्रीय संघ जल्द बनेगा

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश के संतों ने बैठक आयोजित की। संतों ने निर्णय लिया कि सनातन, संत व धर्मशालाओं की रक्षा के लिए संतों का अंतरराष्ट्रीय संघ बनाया जाएगा। बुधवार को श्रीराम आश्रम तपोवन में संत निर्मल दास की अध्यक्षता साधु संतों की बैठक हुई। बैठक में उत्तराखंड की तेजी के साथ बदलती डेमोग्राफी के कारण सनातन धर्म को हो रहे नुकसान को लेकर चिंता जताई गई। संतो ने कहा कि एक माह के भीतर संत, सनातन व आश्रमो की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ बनाया जाएगा।

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने आंदोलन की तिथियां की घोषित

**संवाददाता** देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने 14 राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसों को परमिट देने की अधिसूचना रद करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन तिथियां घोषित कर दी है। कर्मचारी 22 अक्तूबर से आंदोलन शुरु करेंगे। संयोजक रविनंदन कुमार और रामकिशन राम ने चेताया कि यदि मांगें नहीं मानी जाती है तो कर्मचारी 22 से 24 अक्तूबर तक कार्य बहिष्कार करेंगे।

### एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने लॉन्च की एक नई पॉलिसी

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने एक नई पॉलिसी 'एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप–अप' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक हेल्थ बीमा टॉप–अप प्लान है, जिसे बुनियादी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के साथ किफायती विकल्प के रूप में डिजाइन किया गया है। यह प्रॉडक्ट बीमा चाहने वाले लोगों को अपनी मौजूदा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को और बढ़ाने के लिए विकल्प प्रदान करता है, भले ही वह पॉलिसी कॉर्पोरेट हो या व्यक्तिगत।

# जनमानस की समस्या का समाधान करना है प्राथमिकता: जिलाधिकारी

**हरी झंडी**

■ डीएम ने दिखाई हरी झण्डी, स्ट्रीट लाईट मरम्मत हेतु वार्डवार 35 टीमें मय वाहन रवाना

■ काम मे लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही, फार्मेट पर संकलित होगी रिपोर्ट

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी/प्रशासक सविन बंसल ने बुधवार को नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के मरम्मत हेतु 35 टीमों को मय वाहन के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को 20 फॉगिंग एवं स्प्रे मशीनें उपलब्ध कराई। जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में काफी समय से स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी थीं जिनकी शिकायते स्थानीय जनता द्वारा प्राप्त हो रहीं थी।इसी के दृष्टिगत निगम क्षेत्र में खराब लाइट की मरम्मत के लिए वाहनों को रवाना किया गया है। जिलाधिकारी ने 25 सितम्बर को नगर निगम में आयोजित बैठक में लिया था लाईट मरम्मत कार्य नगर निगम से कराने का निर्णय, जिस पर त्वरित एक्शन लेते हुए धरातल पर उतारी टीमें।



जिलाधिकारी ने कार्यों के सत्यापन के मैकेनिज्म को मजबूत करने हेतु रिपोर्टिंग अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए जो टीम की उपस्थिति के साथ ही टीम के कार्यो तथा उपकरण की मांग का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। नगर निगम के कन्ट्रोलरूम प्रभारी लाईटिंग से सम्बन्धित शिकायतों को निर्धारित प्रारूप पर डेटासीट तैयार करते हुए सम्बन्धित रिपोर्टिंग अधिकारी/लाईट इन्सपैक्टर को प्रेषित करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व में नगर निगम क्षेत्र में ईईएसएल कंपनी को शहर की स्ट्रीट लाइटों के मरम्मत व रखरखाव का जिम्मा दिया गया था किंतु कंपनी द्वारा सही प्रकार से अपने कार्य को संपादित नही किया जा रहा था। ऐसे में ईईएसएल कंपनी लाईट मरम्मत का कार्य वापस लेकर नगर निगम को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई।जिसके क्रम में आज ऐसे 35 टीमो को मय वाहनों सहित रवाना किया गया।यह समस्त टीम सौंपे गए अपने अपने वार्डो में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को सही करेंगी साथ ही प्रतिदिन शाम को अपनी रिपोर्ट से निगम को अवगत कराएगी।इसके साथ ही डेंगू और मलेरिया की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराई गई 20 फॉगिंग एवं स्प्रे मशीनें क्षेत्र में फॉगिंग करेंगी। कहा कि निगम क्षेत्र में निवासरत स्थानीय जनता को किसी भी प्रकार से परेशानी का सामना ना करना पड़े इस और वह लगातार कार्य कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि शहर में व्यवस्थाओं को बेहतर किया जाए। इसके मद्देनजर वह लगातार प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त बीर सिंह बुदियाल, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ,मुख्य चिकित्साधिकारी संजय जैन सहित निगम के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीएस ने नदियों के नियमित चैनलाइजेशन करने के दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को एसडीआरएफ (राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि) के तहत होने वाले विभिन्न सुरक्षात्मक एवं पुर्ननिर्माण कार्यो में उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्धता को प्राथमिकता देने की सख्त हिदायत दी है। सीएस श्रीमती रतूड़ी ने बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो के साथ ही नदियों के नियमित चैनलाइजेशन करने के निर्देश दिए हैं। जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में आबादी की सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता पर रखने के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव ने तटबंधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कटाव स्थलों पर त्वरित कार्यवाही करने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर नियमित निरीक्षण हेतु भी निर्देश दिए। सचिवालय में राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के प्रस्तावों पर अनुमोदन हेतु मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में गठित राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में सचिव शैलेश बगौली, डा0 आर राजेश कुमार, विनोद कुमार सुमन सहित लोक निर्माण विभाग व सिंचाई विभाग के अधिकारी तथा जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग एवं उधमसिंहनगर मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में 28 जनवरी से शुरू होंगे राष्ट्रीय खेल

**भेंट**

■सीएम ने भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा से भेंट की

**संवाददाता**

देहरादून। 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखण्ड में होंगे। 25 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित भारतीय ओलंपिक संघ की आम सभा की बैठक में इसका पूरा कार्यक्रम जारी किया जायेगा। राष्ट्रीय खेलों के साथ ही विंटर नेशनल गेम का आयोजन भी उत्तराखण्ड में किया जायेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष



डॉ. पी.टी उषा से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि उत्तराखण्ड को 38वें राष्ट्रीय खेलों की जिम्मेदारी मिली है, इसके लिए उन्होंने भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पी. टी उषा का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें श्री बद्रीनाथ और श्री केदारनाथ के दर्शन के लिए भी आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए उत्तराखण्ड पूरी तरह से तैयार है। राष्ट्रीय खेलों के लिए राज्य में काफी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भव्य तरीके से किया जायेगा। जिन राज्यों में पिछले राष्ट्रीय खेल हुए हैं, उनके अनुभवों के आधार पर भी राज्य में और अच्छे तरह से खेलों के आयोजन के लिए कार्य किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि उत्तराखण्ड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अभी तक हुए राष्ट्रीय खेलों से बेहतर हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों की अच्छी व्यवस्था के साथ ही खिलाड़ियों और देश भर से आने वाले लोगों के लिए उत्तराखण्ड में होने वाले राष्ट्रीय खेल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। देवभूमि उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेल के आयोजन से यहां के लोगों का मनोबल और प्रोत्साहन भी बढ़ेगा। उत्तराखण्ड को राष्ट्रीय खेलों के माध्यम से एक अच्छा मंच मिलेगा। हमारे उदीयमान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अच्छा अवसर मिलेगा।

### शहरी क्षेत्रों की भांति ग्रामीण इलाकों का विकास हो रहा: प्रेमचंद

**संवाददाता** ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने खदरी में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत की पेयजल योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार अैर वे जनता के कार्यों के लिए वचनबद्ध हैं। बुधवार को मंत्री ने खदरी खड़कमाफ में जल जीवन मिशन के कार्यों का भूमि पूजन कर शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत करीब दो करोड़ आठ लाख रुपये की लागत से खड़कमाफ पेयजल योजना का कार्य किया जा रहा है, जिसमें 5.2 किलोमीटर लंबी पेयजल लाइन बिछेगी। इसमें एक नलकूप तथा एक 150 किलोलीटर का टैंक बनेगा। जिससे लगभग 300 से अधिक परिवारों को सीधा लाभ पहुंचेगा। आज ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सभी मूलभूत समस्याओं का समाधान हुआ है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र भी शहरी की भांति नजर आते हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।